सिंह, डॉ. राजेन्द्र कुमार

इंडियन नेशनल कांग्रेस

निर्वाचन क्षेत्र- अमरपाटन (66)

पिता का नाम-	श्री शिवमोहन सिंह
जन्म तिथि-	03 सितम्बर,1950
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	श्रीमती रंजना कुमारी सिंह
संतान-	2 पुत्र
शैक्षणिक योग्यता-	बी.ई. (मैकेनिकल), डिप्लोमा इन आटो मैनेजमेंट (कनाडा), एम.ए. (राजनीति शास्त्र), पी.एच.डी.
व्यवसाय-	कृषि, व्यापार, अभियांत्रिकी परामर्शदाता
अभिरुचि-	समाज सेवा, खेलकूद
स्थायी पता-	'शांतिनिकेतन' अमरपाटन, तह.-अमरपाटन, जिला-सतना (म.प्र.) दूरभाष-(07675) 272228 मोबाइल-9425172740, 9826545976 ई-मेल- rajendra.singh@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	सी-28, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.)

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

विद्यार्थी जीवन में मौलाना आजाद तकनीकी महाविद्यालय में खेलों की अनेक अन्तर्महाविद्यालयीन स्पार्धाओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व. विक्रम वि.वि. उज्जैन और भोपाल वि.वि. की क्रमश: हॉकी और क्रिकेट टीम में प्रतिनिधित्व. 1971 में "बैस्ट ऑलराउंडर ऑफ दि कॉलेज" की उपाधि से विभूषित. अखिल भारतीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में भाग लिया. 1975 में अखिल भारतीय "स्पिरिट-75" भारतीय युवक समारोह के संयोजक. 1978 में कांग्रेस की सदस्यता. अखिल भारतीय कांग्रेस के सदस्य मनोनीत. सतना जिला कांग्रेस प्रबंध समिति के सदस्य. श्रीमती इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में जेल भरो आंदोलन में सक्रिय. उच्च शिक्षा हेतु 2 वर्ष के लिए कनाडा प्रवास एवं केनेडियन टायर कार्पोरेशन टोरंटो में सर्विस एडवाइजर के पद पर छह माह तक कार्य. यू.एस.ए., इंग्लैंड, फ्रांस, स्विटजरलैंड, जर्मनी, जापान आदि देशों की यात्रा. नवंबर 1980 में "वर्ल्ड पीस कौंसिल" के भारतीय शिष्ट मंडल के सदस्य के रूप में रूस, बल्गारिया और रोमानिया की यात्रा. 1980 में सातवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. गृह विभाग की परामर्शदात्री समिति के सदस्य. भारत कृषक समाज के सक्रिय सदस्य तथा मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ के संचालक मंडल के सदस्य रहे. 1993 में दसवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वाणिज्य और उद्योग विभाग तथा 1996 से मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग तथा पर्यावरण विभाग रहे. सन् 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा दिल्ली में "इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड" एवं 1998 में मध्यप्रदेश विधान सभा द्वारा "पण्डित रविशंकर शुक्ल उत्कृष्ट मंत्री पुरस्कार" से सम्मानित. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सविता राम कुमारी चैरिटेबल पब्लिक ट्रस्ट के अध्यक्ष.

सन् 2013 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सम्प्रति: दिनांक 10 जनवरी, 2014 से उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा.